# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा शहरी चुनौती कोष को स्वीकृति से उच्च गुणवत्ता वाली शहरी अवसंरचना का होगा निर्माण और शहर बनेंगे देश के आर्थिक विकास के प्रमुख प्ररक।
2. रेल मंत्रालय लंबी दूरी के ट्रेनों के सामान्य कोचों में स्वच्छता बढ़ाने के लिए शुरू करेगा नये सुधार : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– ट्रेनों में एक से डेढ़ घंटे के अंतराल पर होगी सफाई।
3. महाशिवरात्रि पर आज शिव मंदिरों में उमड़े भक्त : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रूद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की।
4. प्रयागराज माघ मेले के अंतिम स्नान पर आज देर शाम तक 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई आस्था की डुबको : सुरक्षा के किये गये विशेष प्रबंध।

और

5. बांदा में तीन दिवसीय कालिंजर महोत्सव शुरू : सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य की समृद्ध और सांस्कृतिक विरासत का किया जा रहा है प्रदर्शन।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक लाख करोड़ रुपये के शहरी चुनौती कोष–यूसीएफ को स्वीकृति दिए जाने के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह कोष उच्च गुणवत्ता वाली शहरी अवसंरचना प्रदान करने के लिए बाजार वित्त, निजी भागीदारी और नागरिक केंद्रित सुधारों का उपयोग करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल शहरों को देश की आर्थिक वृद्धि का मुख्य प्रेरक बनाएगी। एक रिपोर्ट–

*शहरी चुनौती कोष गृह और शहरी मामलों के मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित संयुक्त योजना है। इसमें केंद्र की ओर से कुल एक लाख करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। इस कोष का उद्देश्य लचीले, उत्पादक, समावेशी और जलवायु के प्रति संवेदनशील शहरों का निर्माण करना है, ताकि उन्हें देश के आर्थिक विकास के अगले चरण के प्रमुख चालक के रूप में स्थापित किया जा सके। इससे परियोजनाओं को ऋण योग्य बनाकर ऋणदाताओं और निजी भागीदारों के लिए जोखिम को कम करके निजी पूंजी को आकर्षित करना है। यह कोष परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक का सहयोग देगा। बशर्ते की परियोजना लागत का न्यूनतम 50 प्रतिशत बाजार से जुटाया जाए, जिससे निजी भागीदारी के लिए एक स्पष्ट मार्ग प्रशस्त हो। यह कोष वित्त वर्ष 2025–26 से 2030–31 तक काम करेगा, जिसे वित्त वर्ष 2033–34 तक बढ़ाया जा सकता है। समाचार कक्ष से मैं मनोज।*

————————————

रेलवे में अब सामान्य श्रेणी के यानी जनरल कोच की सफाई भी फर्स्ट क्लास कोच की ही तरह की जाएगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में बताया कि इस पहल के तहत शुरूआत में, छह महीने के भीतर लम्बी दूरी की अस्सी रेलगाडियों की पहचान की जाएगी। उन्होंने

कहा कि इन रेलगाडियों में एक से डेढ घंटे के अंतराल पर सफाई के लिए अलग से कर्मचारी रखे जायेंगे।

*जो ट्रेन्स हमारी चलती है लॉन्ग डिस्टेंस, स्पेशली उनका प्रॉपर एंड टू एंड क्लीनिंग हो सके। दूसरा स्टेशन पे एक क्लिन ट्रेन स्टेशन का कॉन्सेप्ट बना है। कुछ लिमिटेड नंबर ऑफ स्टेशंस पे पूरी थोरो क्लीनिंग करने का अभी करंट सिस्टम है। इसके बजाए, ट्रेन के ओरिजिन से लेके ट्रेन के डेस्टिनेशन तक, कंटीन्यूअसली ट्रेन की क्लीनिंग हो।*

————————————

देवाधिदेव महादेव की आराधना का पर्व महाशिवरात्रि प्रदेश भर में आज श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या सहित प्रदेश भर के शिव मंदिरों में हर–हर महादेव की गूंज के साथ श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। लखनऊ के प्रसिद्ध मनकामेश्वर, बुद्धेश्वर, सिद्धनाथ और कोनेश्वर महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर शहर में कई स्थानों पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं बाराबंकी के प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेव मंदिर मे दर्शन–पूजन के लिए विभिन्न जनपदों से आये कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का रूद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि और कल्याण

की कामना की। महाशिवरात्रि पर वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों का उत्साह चरम पर है।

सुबह मंगला आरती के दौरान भगवान शिव को दुल्हे वाली विशेष पोशाक पहनाई गयी। बाबा के इस स्वरूप को देखने के लिये देश–विदेश से श्रद्धालु काशी पहुंचे हैं। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट....

*महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर काशी नगरी पूरी तरह शिवमय हो गई है। काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ भक्तों को अपने पारंपरिक दूल्हा स्वरूप में दर्शन दे रहे हैं। भोर में संपन्न मंगला आरती के दौरान बाबा को विशेष दूल्हा पगड़ी पहनाई गई। सुबह करीब 3 बजकर 30 मिनट पर मंदिर के कपाट खुलते ही 'हर–हर महादेव' के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। अब तक 5 लाख से अधिक भक्तों ने बाबा के दर्शन कर लिए हैं। श्रद्धालुओं के स्वागत में मंदिर परिसर में गुलाब की पंखुड़ियों की पुष्प वर्षा की गई। महाशिवरात्रि पर देश के 62 प्रमुख मंदिरों से आई विशेष भेंट भी बाबा को अर्पित की गई है। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

अयोध्या के प्रसिद्ध नागेश्वर नाथ मंदिर, हापुड़ क सबली महादेव मंदिर, गाजियाबाद के दुधेश्वर नाथ मंदिर, मेरठ के बाबा औघड़नाथ, आगरा स्थित बटेश्वर महादेव मंदिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन–पूजन के लिये पहुंचे हैं।

उधर माघ मेले के अंतिम स्नान महाशिवरात्रि पर आज प्रयागराज में श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के संगम पर स्नान कर पुण्य प्राप्त कर रहे हैं। देर शाम तक लगभग 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। एक रिपोर्ट....

*संगम तट पर भोर से श्रद्धालु हर हर महादेव के जयघोष के साथ पवित्र त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगा रहे है। महाशिवरात्रि पर्व के साथ माघ मेले*

*का भी आज औपचारिक समापन हो जाएगा, महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर देर शाम तक  बजे तक लगभग 36 लाख से अधिक लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। वही महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रयागराज के प्रसिद्ध शिव मंदिरों मनकामेश्वर, पाण्डेश्वर धाम ललितेश्वर मंदिर में दर्शन पूजन का क्रम सुबह से जारी है। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों का महाशिवरात्रि पर्व की बधाई दी है।**

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**प्रदेश के आठ जिलो में कल से 28 फरवरी तक भारत–नेपाल मैत्री महोत्सव–2026 आयोजित किया जायेगा। इस महोत्सव की शुरूआत 16 एवं 17 फरवरी को कुशीनगर से होगी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह महोत्सव दोनों देशों की साझा विरासत, परंपराओं और आपसी भाईचारे को मंच देने का काम**

करेगा। महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में सांस्कृतिक शोभा यात्रा, कवि सम्मेलन और संगोष्ठी शमिल हैं। इसके साथ ही 'एक जनपद एक उत्पाद' की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी।

————————

बांदा जिले में तीन दिवसीय कालिंजर महोत्सव का आज से आगाज हो गया है। प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के धार्मिक पर्यटक स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिले के कटरा कालिंजर मेला ग्राउंड में आयोजित यह महोत्सव 17 फरवरी तक चलेगा। इतिहास की गूंज, संस्कृति की आत्मा थीम पर आधारित इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समृद्ध, सांस्कृतिक विरासत, लोक परम्पराओं और कलात्मक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया जा रहा है।

————————

केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल ने आज आगरा में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिये आयोजित प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यशाला का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री बघेल ने बताया कि जिले के एक हजार से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खानपान की वस्तुओं को साफ–सफाई के साथ बिना किसी मिलावट के तैयार करने और ग्राहकों के साथ सौम्य व्यवहार करने का प्रशिक्षण

देकर उन्हें जागरूक किया गया है। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्ट्रीट वेंडरों को सम्मनित भी किया गया। बाइट....

*आज भारत सरकार और राज्य सरकार के द्वारा स्ट्रीट फूड विक्रेता प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यशाला यहां चलाई गई है जिसमें स्ट्रीट फूड वेंडर्स को किस प्रकार से व्यक्तिगत सफाई, नहाना, नाखून काटना, कैप लगाना, दस्ताने पहनना, एप्रिन पहनना, डस्टबिन रखना, ताजा भोजन बनाना, पानी अच्छा इस्तेमाल करना, हाथों को धोना, सैनिटाइज करना, किस प्रकार से हाइजीनिक और अनहाइजीनिक का अंतर यह सब बताया है। इससे इनको भी लाभ होगा और उपभोक्ताओं को भी लाभ होगा।*

————————————

सिद्धार्थनगर में सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की ओर से दो विशेष चिकित्सा कैम्प लगाये गये हैं। इस अवसर पर स्थानीय सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के प्रयास से देश में चिकित्सा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य हुये हैं। इसके लिये उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है।

————————————

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में उत्तराखंड और कर्नाटक के बीच रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल खेला जा रहा है। उत्तराखंड की टीम ने टॉस जीतने के बाद आज पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले दिन बल्लेबाजी करने उतरी कर्नाटक टीम ने दो विकेट के नुकसान पर 355 रन बना लिये हैं। वहीं टी–20 विश्वकप में आज कोलंबो में आज भारत और पाकिस्तान के बीच मैच

खेला जा रहा है। पाकिस्तान ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है।

————————————